प्रस्ताव

# 4 पीने के लिए सुरक्षित पानी, जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम, तथा समुदायों और प्राकृतिक भूमियों को जलवायु के कारण होने वाले जोखिमों से बचाने के लिए बॉन्ड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** — अटॉर्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

**इस विधेयक का टेक्स्ट पृष्ठ 75 और राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

4

- जलवायु के कारण होने वाले जोखिमों और प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं के लिए राज्य सामान्य दायित्व बॉन्ड्स में $10 बिलियन अधिकृत करता है: पीने के लिए सुरक्षित पानी और जल प्रणाली के लचीलेपन के लिए $3.8 बिलियन; जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम और अत्यधिक गर्मी से राहत के लिए $1.95 बिलियन; प्राकृतिक भूमियों, पार्कों और वन्य जीवन की सुरक्षा के लिए $1.9 बिलियन; तटीय भूमियों, खाड़ियों और महासागरों की सुरक्षा के लिए $1.2 बिलियन; स्वच्छ ऊर्जा के लिए $850 मिलियन; और खेतीबाड़ी के लिए $300 मिलियन।
- पिछड़े समुदायों को फायदा पहुंचाने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता देता है।
- वार्षिक लेखा-परीक्षणों को ज़रूरी बनाता है।
- बॉन्ड्स की वापसी अदायगी के लिए सामान्य निधि से धनराशि विनियोजित करता है।

## राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए राज्य की लागतों में 40 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से लगभग $400 मिलियन की वृद्धि।

| राजकीय बॉन्ड लागत का अनुमान | |
|---|---|
| उधार ली गई राशि | $10 बिलियन |
| वापसी अदायगी की औसत लागत | 40 वर्षों में प्रति वर्ष $400 मिलियन |
| वापसी अदायगी का स्रोत | सामान्य टैक्स राजस्व |

SB 867 (प्रस्ताव 4) पर विधान मंडल द्वारा किए गए अंतिम मतदान
(अध्याय 83, 2024 के विधान)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेट: | हाँ 33 | नहीं 6 |
| विधानसभा: | हाँ 66 | नहीं 6 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## परिप्रेक्ष्य

***राज्य प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए भुगतान करता है।*** राज्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारणों और प्रभावों का जवाब देने के उद्देश्य से कई गतिविधियों ("प्राकृतिक संसाधन और जलवायु गतिविधियाँ") के लिए भुगतान करता है। ये गतिविधियाँ इस्तेमाल के लिए उपलब्ध पानी की मात्रा को बढ़ाने, मछली और वन्यजीवों को लाभ पहुँचाने के लिए ज़मीन का संरक्षण करने, राज्य और स्थानीय पार्कों में मनोरंजन के अवसरों को बढ़ाने और अन्य उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। कुछ मामलों में, राज्य सरकार की एजेंसियाँ प्राकृतिक संसाधन और जलवायु संबंधी गतिविधियाँ करती हैं। अन्य मामलों में, राज्य स्थानीय सरकारों, गैर-लाभकारी संगठनों और व्यवसायों को समान गतिविधियों का समर्थन करने के लिए अनुदान और ऋण प्रदान करता है।

***राज्य प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए विभिन्न तरीकों से भुगतान करता है।*** कभी-कभी राज्य इसके पास पहले से मौजूद धनराशि से प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए अग्रिम भुगतान करता है। अन्य मामलों में, राज्य बॉन्ड्स का इस्तेमाल करके इन गतिविधियों के लिए भुगतान करता है। बॉन्ड्स एक ऐसा तरीका है जिससे राज्य पैसा उधार लेता है और फिर समय के साथ-साथ पैसा और ब्याज को चुकाता है। (बॉन्ड्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इस गाइड में आगे दिए शीर्षक "राज्य बॉन्ड ऋण की समीक्षा" देखें।)

पिछले दशक में, राज्य ने प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों पर प्रत्येक साल (सालाना) औसतन लगभग 13 बिलियन डॉलर खर्च किए हैं। इस राशि का लगभग 15 प्रतिशत बॉन्ड्स से प्राप्त हुआ है। राज्य के पास अभी भी प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु बॉन्ड्स से कुछ बिलियन डॉलर बचे हुए हैं, जिन्हें अभी तक विशिष्ट गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध नहीं किया गया है।

***स्थानीय और संघीय सरकारें भी इसी तरह की गतिविधियों के लिए भुगतान करती हैं।*** राज्य के निधिकरण के अलावा, अन्य संस्थाएँ भी प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए भुगतान करती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ क्षेत्रों में, स्थानीय सरकारें अपनी भूमिकाओं के हिस्से के रूप में स्थानीय उपयोगिताओं के

रूप में पानी और ऊर्जा के बुनियादी ढांचे के लिए भुगतान करती हैं। स्थानीय सरकारें जैसे कि शहर और काउंटियाँ, स्थानीय पार्कों के लिए भी भुगतान करती हैं। संघीय सरकार विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए भी भुगतान करती है। उदाहरण के लिए, संघीय सरकार स्थानीय पेयजल प्रणालियों को बेहतर बनाने और ऊर्जा के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराती है।

## प्रस्ताव

***प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए नया बॉन्ड।*** प्रस्ताव 4 राज्य को प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए $10 बिलियन का एक बॉन्ड बेचने की अनुमति देता है। बॉन्ड की अधिकांश धनराशि का इस्तेमाल स्थानीय सरकारों, मूल अमेरिकी जनजातियों, गैर-लाभकारी संगठनों और व्यवसायों को ऋण और अनुदान देने के लिए किया जाएगा। बॉन्ड की कुछ धनराशि राज्य द्वारा संचालित गतिविधियों पर खर्च करने के लिए राज्य एजेंसियों के लिए भी उपलब्ध होगी।

***निधिकरण से विभिन्न गतिविधियों के लिए भुगतान किया जाएगा।*** जैसा कि चित्र 1 में दिखाया गया है, प्रस्ताव 4 आठ व्यापक श्रेणियों के भीतर की गतिविधियों के लिए भुगतान करता है, जिनमें से प्रत्येक के अलग-अलग लक्ष्य हैं। प्रत्येक श्रेणी में कुछ मुख्य गतिविधियों का सारांश नीचे दिया गया है:

चित्र 1

### प्रस्ताव 4 बॉन्ड निधियों के मुख्य लक्ष्य

(मिलियन में)

| श्रेणी | मुख्य लक्ष्य | राशि |
|---|---|---|
| **सूखा, बाढ़ और जल आपूर्ति** | लोगों के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध जल की मात्रा और गुणवत्ता में वृद्धि करना तथा बाढ़ के जोखिम को कम करना। | $3,800 |
| **वन स्वास्थ्य और जंगल की आग की रोकथाम** | जंगलों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और जंगल की आग से समुदायों की रक्षा करना | 1,500 |
| **समुद्री स्तरों का बढ़ना और तटीय क्षेत्र** | समुद्री-स्तर में वृद्धि से होने वाले खतरों को कम करना, तटीय क्षेत्रों को बहाल करना और मछलियों की रक्षा करना। | 1,200 |
| **भूमि संरक्षण और आवास बहाली** | प्राकृतिक क्षेत्रों का संरक्षण एवं बहाल करना। | 1,200 |
| **ऊर्जा का बुनियादी ढांचा** | राज्य को ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों, जैसे अपतटीय हवा, की ओर स्थानांतरित करने में सहायता करना। | 850 |
| **पार्क** | स्थानीय और राज्य पार्कों का विस्तार, नवीनीकरण और मरम्मत करना | 700 |
| **अत्यधिक गर्मी** | समुदायों पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करना। | 450 |
| **खेत और कृषि** | खेतों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना करने में सहायता करना तथा उन्हें अधिक चिरस्थायी बनाना। | 300 |
| **कुलयोग** | | **$10,000** |

प्रस्ताव 4 के पूर्ण टेक्स्ट के लिए, पृष्ठ 75 देखें।

- ***सूखा, बाढ़ और जल आपूर्ति ($3.8 बिलियन)।*** इस धनराशि का लगभग आधा हिस्सा लोगों के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध पानी की मात्रा और गुणवत्ता को बढ़ाने संबंधी गतिविधियों के लिए होगा ($1.9 बिलियन)। इसमें पानी का भंडारण करना शामिल होगा ताकि भविष्य में सूखे के दौरान इसका इस्तेमाल किया जा सके, साथ ही साथ प्रदूषित पानी को साफ करना ताकि इसे पीने के लिए सुरक्षित बनाया जा सके। धनराशि का इस्तेमाल बाढ़ के जोखिम को कम करने में मदद करने के लिए भी किया जाएगा, जैसे कि बांधों की मरम्मत करना और तूफ़ानी पानी को इकट्ठा करना और उसका पुनः इस्तेमाल करना ($1.1 बिलियन)। बाकी की धनराशि का इस्तेमाल विभिन्न गतिविधियों के लिए किया जाएगा, जैसे कि नदियों और झीलों को बहाल करना।
- ***वन स्वास्थ्य और जंगल की आग की रोकथाम ($1.5 बिलियन)।*** यह सारी धनराशि जंगलों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गंभीर और विनाशकारी जंगल की आग के जोखिम को कम करने वाली गतिविधियों का समर्थन करेगी। इसमें जंगलों में उन पेड़ों को छोटा करना जो बहुत अधिक बड़े हो गए हैं और लोगों के रहने के स्थान के आस-पास की वनस्पति को साफ करना शामिल होगा। धनराशि का इस्तेमाल अन्य गतिविधियों के लिए भी किया जाएगा, जैसे कि घर के मालिकों को उनकी संपत्तियों को जंगल की आग से नुकसान के प्रति अधिक प्रतिरोधक बनाने में मदद करना।
- ***समुद्र-स्तर में वृद्धि और तटीय क्षेत्र ($1.2 बिलियन)।*** इस धनराशि के अधिकांश हिस्से से तटीय क्षेत्रों को बहाल करने और उन्हें समुद्र के बढ़ते हुए स्तर के प्रभावों से बचाने के लिए गतिविधियों के लिए भुगतान किया जाएगा ($890 मिलियन)। इसमें आर्द्रभूमियों को बहाल करना शामिल हो सकता है ताकि वे समुद्र के बढ़ते स्तर के लिए बफ़र्स के रूप में काम कर सकें। बाकी की धनराशि का इस्तेमाल समुद्री आवासों को बेहतर बनाने और मछलियों और अन्य समुद्री वन्यजीवों की रक्षा करने के लिए किया जाएगा ($310 मिलियन)।
- ***ज़मीन संरक्षण और आवास बहाली ($1.2 बिलियन)।*** इस धनराशि का इस्तेमाल मछलियों और वन्यजीवों के लाभ के लिए ज़मीन की रक्षा करने और उसे बहाल करने के लिए किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यह अलग रखने के लिए ज़मीन खरीदने में सहायता कर सकता है ताकि इसे विकसित न किया जाए।
- ***ऊर्जा का बुनियादी ढांचा ($850 मिलियन)।*** इस धनराशि का आधे से अधिक हिस्सा California के तट पर पवन टर्बाइनों के विकास में सहायता करेगा ($475 मिलियन)। बाकी की धनराशि के अधिकांश भाग से बिजली को लंबी दूरियों तक ले जाने के लिए ट्रांसमिशन लाइनों जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भुगतान किया जाएगा ($325 मिलियन)। बाकी की धनराशि से बड़ी बैटरियाँ बनाने की परियोजनाओं के लिए भुगतान किया जाएगा जो बिजली को तब संग्रहीत करती हैं जब इसकी आवश्यकता होती है ($50 मिलियन)।
- ***पार्क ($700 मिलियन)।*** इस धनराशि का बड़ा हिस्सा विभिन्न गतिविधियों का समर्थन करेगा जो पार्कों में मनोरंजक अवसरों का विस्तार करती हैं या पार्कों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करती हैं ($300 मिलियन)। इन गतिविधियों में नई पगडंडियाँ और पार्किंग क्षेत्र जोड़ना शामिल हो सकता है। इस धनराशि का कुछ हिस्सा स्थानीय समुदायों को नए पार्क बनाने या मौजूदा पार्कों का नवीनीकरण करने के लिए अनुदान प्रदान करेगा ($200 मिलियन)। इस धनराशि का बाकी हिस्सा राज्य पार्कों की मरम्मत और प्रकृति के बारे में शिक्षा प्रदान करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा ($200 मिलियन)।
- ***अत्यधिक गर्मी ($450 मिलियन)।*** इस धनराशि के अधिकांश हिस्से से समुदायों को अत्यधिक गर्मी से बचाने पर केंद्रित गतिविधियों के लिए भुगतान किया जाएगा ($200 मिलियन)। इन गतिविधियों में पेड़ और हरित क्षेत्र जोड़ना शामिल हो सकता है। धनराशि लोगों को लू की लहरों (हीटवेव) या आपदाओं के दौरान जाने के लिए स्थानों का भी समर्थन करेगी ($100 मिलियन)। बाकी की धनराशि स्थानीय समुदायों को पर्यावरणीय लाभ पहुंचाने वाली गतिविधियों का संचालन करने के लिए अनुदान प्रदान करेगी, जैसे वायु प्रदूषण को कम करना ($150 मिलियन)।
- ***खेत और कृषि ($300 मिलियन)।*** इस धनराशि का अधिकांश हिस्सा उन गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जो किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने, वायु प्रदूषण को कम करने और कम पानी का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं ($105 मिलियन)। इस धनराशि से सामुदायिक बगीचों और किसानों के बाजारों का समर्थन भी किया जाएगा, जैसे छायादार छतरियाँ खरीदकर ($60 मिलियन)। बाकी की धनराशि कई अन्य गतिविधियों में इस्तेमाल की जाएगी, जैसे कि खेतिहर मजदूरों के परिवहन के लिए वैन खरीदना और खेती की ज़मीन का संरक्षण करना।

***धनराशि के इस्तेमाल के लिए अन्य आवश्यकताएँ स्थापित करता है।*** प्रस्ताव 4 के अनुसार बॉन्ड की धनराशि का इस्तेमाल कुछ खास तरीकों से किया जाना आवश्यक बनाता है। उदाहरण के लिए, बॉन्ड की धनराशि का कम से कम 40 प्रतिशत उन गतिविधियों के लिए

इस्तेमाल किया जाना ज़रूरी है जो सीधे तौर पर उन समुदायों को लाभ पहुँचाती हैं जिनकी आय कम है या जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। प्रस्ताव 4 के अनुसार बॉन्ड की धनराशि के खर्च के बारे में नियमित सार्वजनिक रिपोर्ट देने की भी आवश्यकता है।

## राजकोषीय प्रभाव

***बॉन्ड की वापसी अदायगी के लिए राज्य की लागतों में 40 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से लगभग $400 मिलियन की वृद्धि।*** बॉन्ड को चुकाने की अनुमानित लागत **40 वर्ष की अवधि में लगभग $400 मिलियन वार्षिक** होगी। भुगतान राज्य सामान्य कोष से किया जाएगा। (सामान्य कोष वह खाता है जिसका इस्तेमाल राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जेलों सहित अधिकांश सार्वजनिक सेवाओं के भुगतान के लिए किया जाता है।) यह राज्य के कुल सामान्य कोष बजट के 1 प्रतिशत के आधे से भी कम होगा। क्योंकि राज्य को उधार ली गई धनराशि पर ब्याज देना पड़ता है, इसलिए बॉन्ड की कुल लागत राज्य द्वारा इसके पास पहले से ही मौजूद धनराशि के साथ भुगतान करने की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक (मुद्रास्फीति समायोजन के बाद) होगी।

***प्राकृतिक संसाधनों और जलवायु संबंधी गतिविधियों के लिए स्थानीय लागतों में कमी होने की संभावना।*** राज्य बॉन्ड निधि की उपलब्धता से स्थानीय सरकारों पर विभिन्न राजकोषीय प्रभाव पड़ सकते हैं। कुछ मामलों में, अतिरिक्त राज्य निधिकरण स्थानीय सरकार की धनराशि की जगह ले सकता है, जो अन्यथा किसी परियोजना के लिए भुगतान करने के लिए आवश्यक होगी। उदाहरण के लिए, इसमें बॉन्ड निधि का इस्तेमाल किसी आवश्यक जल उपचार सुविधा का समर्थन करने में मदद करने के लिए करना शामिल हो सकता है, जिसके लिए स्थानीय सरकार को अन्यथा स्वयं निधि देने की आवश्यकता होनी थी। हालांकि, अन्य मामलों में, राज्य निधि की उपलब्धता स्थानीय सरकारों को बड़ी परियोजनाओं के निर्माण के लिए अधिक धनराशि खर्च करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जितना वे अन्यथा खर्च नहीं करती। उदाहरण के लिए, इसमें स्थानीय पार्क में अतिरिक्त सुविधाएँ जोड़ना शामिल हो सकता है। कुल मिलाकर, प्रस्ताव 4 से स्थानीय सरकारों को बचत होने की संभावना है। इन बचतों की राशि अनिश्चित है, लेकिन अगले कुछ दशकों में औसतन सालाना दसियों मिलियन डॉलर हो सकती है।

***अगर निधियाँ आपदाओं को रोकती हैं तो संभावित राज्य और स्थानीय बचत।*** जहां तक बॉन्ड निधियों के परिणामस्वरूप ऐसी गतिविधियाँ पूरी की जाती हैं, जो आपदाओं से होने वाले जोखिम या क्षति की मात्रा को कम करती हैं, तो इससे उन घटनाओं का जवाब देने और उनसे उबरने के लिए राज्य और स्थानीय लागत में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए, तटबंध में सुधार करने से होने वाली बाढ़ की मात्रा कम हो सकती है। इसके अतिरिक्त, जंगल में पेड़ों को छांटने से जंगल की आग की गंभीरता कम हो सकती है। ऐसी संभावित बचतों की मात्रा अनिश्चित है।

**मुख्य रूप से इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए गठित समितियों की सूची के लिए *sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2024-ballot-measure-contribution-totals* पर जाएँ।**

**समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएँ।**